राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल रविवार से तीन दिवसीय सवाई माधोपुर दौरे पर

जयपुर, 12 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार से तीन दिवसीय सवाई माधोपुर प्रवास पर रहेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार दोपहर जयपुर से सड़क मार्ग से रवाना होंगे। वे 14 मार्च को रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान का परिवार सहित भ्रमण करेंगे। उनका 15 मार्च को जयपुर वापसी का कार्यक्रम है।

राज्यपाल जयपुर मैराथन को हरी झण्डी दिखाएंगे;

जयपुर, 12 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार प्रातः संस्कृति युवा संस्था की पहल पर आयोजित जयपुर मैराथन के 'ड्रीम रन' को हरी झंडी दिखाएंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र अल्बर्ट हॉल के दक्षिणी द्वार से दौड़ के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें रवाना करेंगे।